# किसानों को गेहूं पर प्रति क्विंटल 40 रुपए बोनस

▸ प्रस्ताव को कैबिनेट ने दी हरी झंडी



**भोपाल, 17 मार्च. प्रदेश में किसानों को मौजूदा सीजन में गेहूं उपार्जन पर प्रति क्विंटल 4 रुपए बोनस दिया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में पहले ही घोषणा कर दी थी. लिहाजा मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है.**

यहां बता दें कि केंद्र सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है. पिछले वर्ष के मुकाबले एमएसपी में 160 रुपए की बढ़ोतरी की गई है. वहीं अब इसमें 40 रुपए बोनस के और जुड़ जाएंगे. इससे प्रदेश में अब गेहूं की सरकारी खरीदी पर किसानों को प्रति क्विंटल 2625 रुपए का भुगतान किया जाएगा. प्रदेश में मौजूदा सीजन में गेहूं उपार्जन के लिए 19 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है. पिछले वर्ष राज्य सरकार ने 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया था, लेकिन इस बार इसमें मामूली बढ़ोतरी की है, पिछले वर्ष राज्य सरकार ने 2600 रुपए प्रति क्विंटल में गेहूं की खरीदी की थी. पिछले वर्ष एमएसपी 2425 रुपए प्रति क्विंटल तय की गई थी. निर्णय अनुसार उपार्जित गेहूं में से भारत सरकार द्वारा स्वीकार न की जाने वाली सरप्लस मात्रा का निस्तारण मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा खुली निविदा के माध्यम से किया जाकर इस पर होने वाला व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा. किसानों को बोनस राशि का भुगतान विभागीय मद में बजट प्रावधान कराकर तथा सरप्लस मात्रा के निस्तारण व्यय की प्रतिपूर्ति मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना के तहत आवंटित बजट से किया जाएगा. कैबिनेट ने शासकीय आवास गृह, विश्राम गृहों के रखरखाव और अनुरक्षण के लिये एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए के लिए 200 करोड़ 35 रूपये की स्वीकृति दी है.

### ▸ उज्जैन में दो ऐलिवेटेड कॉरिडोर बनेंगे

कैबिनेट ने उज्जैन में दो ऐलिवेटेड कॉरिडोर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इसी के साथ लोक निर्माण विभाग के दूसरे विकास कार्यों को भी हरी झंडी दी गई है, जिस पर कुल 4525 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी. निर्णय के तहत उज्जैन शहर में चिमनगंज मंडी इंद्रा नगर चौराहा से इंदौर गेट तक 4-लेन ऐलिवेटेड कॉरिडोर एवं निकास चौराहा से इंदौर गेट तक 2 लेन ऐलिवेटेड कॉरिडोर लंबाई 5 .32 कि .मी . के निर्माण कार्य को विभागीय सूचकांक से मुक्त रखते हुए लागत राशि 945 करोड़ 20 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई. मप्र रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम की एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 और जन भागीदारी अंतर्गत विकास हेतु अनुदान योजना की एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए 7 करोड़ 38 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है. एनडीबी से वित्त पोषण पुल और सडक़ निर्माण की योजना की निरंतरता के लिए 50 करोड़ 10 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है. इसी तरह मप्र रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम-6 की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए 1543 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है.



# प्रदेश के कई जिलों में 3 दिन बारिश का अलर्ट

### 18 से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

**भोपाल, 17 मार्च. मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच अब मौसम में बड़ा बदलाव आने वाला है. मौसम विभाग के अनुसार 18 मार्च से एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिलेगा.**

इसके चलते 18 से 20 मार्च तक आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर बना रह सकता है. राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर सहित कई प्रमुख शहरों में मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं. हालांकि इससे पहले मंगलवार तक तेज गर्मी और धूप लोगों को परेशान करती रहेगी. मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के अनुसार यह सिस्टम 17 मार्च की रात से सक्रिय होना शुरू होगा और अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों को प्रभावित करेगा. कहीं तेज हवाएं चलेंगी, तो कहीं हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है.

फिलहाल प्रदेश में गर्मी का असर बना हुआ है. कई जिलों में तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है. खरगोन में सबसे अधिक 38.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. इसके अलावा नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, रायसेन, सिवनी, मंडला, टीकमगढ़, सागर और खजुराहो में भी पारा 37 डिग्री के ऊपर रहा. बड़े शहरों में जबलपुर सबसे गर्म रहा, जहां 35.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. भोपाल में 35.2 डिग्री, इंदौर और उज्जैन में 35 डिग्री, जबकि ग्वालियर में 34.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग ने आगे चेतावनी दी है कि अप्रैल और मई में प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ सकती है. अनुमान है कि इस दौरान 15 से 20 दिनों तक लू चल सकती है.

### नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम का समापन आज

भोपाल. 'मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम 2026' का समापन आज 18 मार्च को जहांगीराबाद स्थित होमगार्ड्स परेड ग्राउंड में किया जाएगा. कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इस समागम का आयोजन नागरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा आपदा प्रबंधन में स्वयंसेवकों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है. समापन समारोह के दौरान नागरिक सुरक्षा गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रदेश में तैयारियों और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला जाएगा. कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन भी किए जाएंगे, जिनमें आपदा प्रबंधन से जुड़ी व्यावहारिक तैयारियों का प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण रहेगा.

## बैतूल में सुरभि खण्डेलवाल की श्रद्धांजलि सभा आज

**भोपाल, 17 मार्च. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की सुपुत्री सुश्री सुरभि खण्डेलवाल के देवलोकगमन पर पुण्य आत्मा की पावन स्मृति में 18 मार्च बुधवार को बैतूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी.**



प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने आज बताया कि श्रद्धांजलि सभा बुधवार को दोपहर 2 बजे से विजय सेवा न्यास के सामने न्यू बैतूल ग्राउंड, कोठी बाजार में आयोजित की जाएगी. श्रद्धांजलि सभा में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक बंधु, पार्टी कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं परिजन स्वर्गीय सुश्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करेंगे.

## कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर बल

### भोपाल में भाजपा कोर कमेटी बैठक संपन्न



**भोपाल, 17 मार्च. राजधानी भोपाल में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में भिंड जिले की भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई. बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई.** बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव साझा किए. इन पर सकारात्मक विचार-विमर्श करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने पर सहमति बनी. साथ ही संगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया. कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया. संगठनात्मक समन्वय मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी विशेष बल दिया गया. बैठक में कैबिनेट मंत्री एवं मेहगांव विधायक राकेश शुक्ला, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, संभाग प्रभारी डॉ. अभय यादव, जिला प्रभारी हमीर सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.

## मनोरंजन

## काशिका कपूर की फिल्म पहुंची जियोहॉटस्टार पर

**अभिनेत्री** कशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी.

सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है. इससे दर्शकों को गीता की प्रेरणादायक कहानी और शिक्षा के लिए उसके संघर्ष को फिर से देखने का अवसर मिलेगा. सिनेमाघरों में रिलीज़ के बाद से ही इस फिल्म को उसके अर्थपूर्ण संदेश और भावनात्मक कहानी के लिए सराहा गया है, वहीं मुख्य भूमिका निभाने वाली काशिका कपूर के दमदार अभिनय को दर्शकों ने खास तौर पर पसंद किया है.यह फिल्म महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करती है, जो राष्ट्रीय पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना को भी दर्शाती है.



ग्रामीण पृष्ठभूमि में आधारित यह कहानी गीता नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सामाजिक दबावों और बाधाओं के बावजूद अपनी पढ़ाई पूरी करने और बेहतर भविष्य बनाने का सपना देखती है.

फिल्म की कहानी के केंद्र में काशिका कपूर हैं, जिन्होंने गीता के किरदार को बेहद सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ निभाया है.

आयुष्मती गीता मैट्रिक पास की खास बात यह है कि यह मनोरंजन के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी देती है.


## सुपरहीरो का किरदार निभायेंगी अदा



**अभिनेत्री** अदा शर्मा सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो का किरदार निभाती नजर आयेंगी. अदा शर्मा अपने आने वाले प्रोजेक्ट में एक आलसी, भ्रष्ट और पूरी तरह से अनप्रेडिक्टेबल सुपरहीरो का किरदार निभाएँगी. पारंपरिक सुपरहीरो जहाँ दुनिया को बचाते हैं, वहीं उनका किरदार नियम तोड़ता है, झूठ बोलता है और शायद दुनिया को बचाने के बजाय उसे तबाह करना भी चाह सकता है. हाल ही में सामने आए फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर काफी उत्साह पैदा कर दिया है.

फैंस आदा के किरदार 'वेल्ली' की झलक देखकर उत्साहित हैं और फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस अजीब और अनोखे कॉन्सेप्ट वाला सुपरहीरो दर्शकों को कुछ नया और मनोरंजक देने का वादा करता है. अदा शर्मा ने हमेशा यह साबित किया है कि वे खुद को किसी एक जॉनर तक सीमित नहीं रखतीं. उन्होंने पहली बार हॉरर फिल्म 1920 से ध्यान खींचा, फिर केरला स्टोरी में इंटेंस ड्रामा दिखाया, सनफ्लावर सीज़न 2 में अपनी कॉमिक टाइमिंग दिखाई और कमांडो में हाई-ऑक्टेन एक्शन किया.

## डिजिटल दुनिया में ऋतिक का धमाकेदार कमबैक



**प्राइम** वीडियो आने वाली ऑरिजनल फिल्म 'मेस', ऋतिक रोशन और ईशान रोशन द्वारा उनके बैनर 'एचआरएक्स फिल्म्स' (फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस की एक डिवीजन) के तहत बनाई जा रही है.

इस प्रोजेक्ट में राजेश ए. कृष्णन की 'सोडा फिल्म्स लैब' भी उनके साथ जुड़ी है.राजेश ए. कृष्णन के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म का प्रोडक्शन जल्द ही शुरू होने वाला है. यह कॉमेडी फिल्म स्ट्रीमिंग सर्विस और एचआरएक्स फिल्म्स (फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस की एक डिवीजन) के बीच दूसरा कोलैबोरेशन है, इससे पहले थ्रिलर सीरीज 'स्टॉर्म' का एलान हो चुका है.

इस फिल्म की ओरिजिनल पटकथा अमेरिकी लेखक पॉल सोटर ने लिखी है, जबकि अडैप्टेड स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स कपिल सावंत ने लिखे हैं. 'मेस' की कहानी लुटेरों के एक ऐसे अजीबोगरीब ग्रुप के बारे में है, जो एक ओसीडी से पीड़ित आदमी के घर में घुस जाते हैं. धीरे-धीरे उन्हें एहसास होता है कि खतरा उस परिवार को नहीं, बल्कि खुद उन्हें है और इस रात भर चलने वाली खींचतान में उनका बचना मुश्किल है.

निर्माता ऋतिक रोशन ने कहा, ''स्टॉर्म' के साथ प्राइम वीडियो के साथ एक खास सफर की शुरुआत हुई थी और 'मेस' हमारी कंपनी 'एचआरएक्स फिल्म्स' के लिए एक अगला और स्वाभाविक कदम है.' उन्होंने कहा, 'प्राइम वीडियो के साथ हमारी साझेदारी ने हमें कुछ अलग और नया कर दिखाने का मौका दिया है, और यह प्रोजेक्ट उसी सोच को पूरी तरह से दर्शाता है. राजेश (राजेश ए. कृष्णन) एक प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के तौर पर अपनी एक अलग पहचान रखते हैं; उनके पास कॉमेडी को एक बेहतरीन कहानी के साथ जोड़ने का शानदार हुनर है. 'मेस' के लिए उनका नजरिया शुरू से ही कमाल का रहा है.

## फैंस के लिए आयुष्मान का खास तोहफा



**बॉलीवुड** अभिनेता-गायक आयुष्मान खुराना ने अपने सुपरहिट गाना 'साड़ी गली' का नया वर्ज़न सोशल मीडिया पर साझा किया है. आयुष्मान खुराना के संगीत को हमेशा से दर्शकों के दिलों में खास जगह मिली है. उनकी पहली फिल्म विकी डोनर के गीत 'पानी दा रंग' से शुरू हुआ यह सफर आगे चलकर 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड़ी गली' जैसे कई लोकप्रिय गीतों तक पहुंचा.

पिछले कुछ हफ्तों से इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प ट्रेंड देखने को मिल रहा है, जहां फैंस आयुष्मान के पुराने गानों को दोबारा सुनते और शेयर करते हुए 'आयुष्मान खुराना एरा' को सेलिब्रेट कर रहे हैं. कई पोस्ट्स में कैप्शन लिखा जा रहा है. 'अनुव जैन से पहले हमारे पास आयुष्मान खुराना थे.' इन पोस्ट्स के जरिए यह बताया जा रहा है कि कैसे आयुष्मान के संगीत ने मेनस्ट्रीम में भावनात्मक और एकॉस्टिक स्टोरीटेलिंग की जगह बनाई.

फैंस के इस ऑर्गेनिक ट्रेंड को देखते हुए आयुष्मान खुराना ने अब अपने सोशल मीडिया पर 'साड़ी गली' का एक नया वर्ज़न साझा किया है. इस वीडियो के जरिए वह अपने संगीत के सफर का जश्न मनाते हुए उस सिंगर-सॉन्गराइटर को फिर से सामने लाते हैं, जिसने पहली बार दर्शकों का दिल जीता था. 'साड़ी गली' का यह नया वर्ज़न उनके शुरुआती हिट गानों से जुड़ी पुरानी यादों को ताजा करता है और यह भी साबित करता है कि सोशल मीडिया के दौर में भी उनके संगीत का श्रोताओं से गहरा जुड़ाव बना हुआ है.

## 'मामला लीगल है' सीज़न 2 का ट्रेलर जारी



**न्याय** अंधा हो सकता है, लेकिन अगर पटपड़गंज डिस्ट्रिक्ट कोर्ट है, तो उसमें हामर जरूर होता है. 'मामला लीगल है' के पहले सीज़न में देखने को मिला कि कोर्ट जितने नाटकीय होते हैं, उतने ही मजेदार भी हो सकते हैं, वहीं अब सीज़न 2 में और अधिक अजीबोगरीब मामले देखने को मिलेंगे, जिनसे निपटेगी वही गजब टीम, जिसे हर कोई प्यार करता है. नए जारी हुए ट्रेलर में दर्शकों को कुछ ऐसे मामले देखने को मिलेंगे, जिनमें जबरदस्त लड़ाई, तेज बुद्धि और अप्रत्याशित मोड़ के साथ और अधिक मजेदार घटनाएं होंगी. वी .डी . त्यागी को आखिरकार जज की कुर्सी मिल ही गई, पर यहाँ घटने वाली अजीबोगरीब घटनाओं का नेतृत्व करने का बोझ कितना ज्यादा होने वाला है? यह सब देखकर केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि आपको भी चक्कर आ जाएगा पटपड़गंज के वकील एक बार फिर वापस आ रहे हैं. वो बिजली के झटके देने वाले गेट से लेकर स्टिंग ऑपरेशन और सीक्रेट लव अफेयर तक हर चीज को संभालते हुए पूरे कोर्टरूम में उथल-पुथल मचाने वाले हैं. साथ ही, इसमें देखने को मिलेगी ऐसी इंटरपर्सनल डायनामिक्स, जो खुदबखुद चिंगारी भड़का सकती है.

## नोरा फतेही ने रेट्रो बॉलीवुड गानों की मेडली से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**सिनेमा** के जादू और फैंस के जुनून को एक साथ जोड़ते हुए 'जी' ने मारुति सुजुकी प्रेजेंट्स 24वें जी सिने अवॉर्ड्स 2026 के साथ एक भव्य शाम का आयोजन किया. सितारों से सजी इस खास रात में फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े नाम एक साथ नजर आए. दमदार परफॉर्मेंस, यादगार पल और फैंस की जबरदस्त ऊर्जा ने इस शाम को और भी खास बना दिया. फैनटरटेनमेंट की भावना को आगे बढ़ाते हुए यह अवॉर्ड नाइट एक ऐसे भव्य जश्न में बदल गई, जहां एंटरटेनमेंट, ग्लैमर और सिनेमा की चमक पूरे शबाब पर नजर आई. 'चढ़ती जवानी तेरी', 'दिलबर दिल से प्यारे' और ऐसे कई सदाबहार गानों पर परफॉर्म करते हुए नोरा ने अपने खूबसूरत एक्सप्रेशन्स और लयदार मूव्स से दर्शकों का दिल जीत लिया. उनके सहज ट्रांज़िशन और भावपूर्ण प्रस्तुति ने इन क्लासिक धुनों को मंच पर फिर से जीवंत कर दिया, जिससे पूरे माहौल में एक खास जादू सा छा गया और दर्शक पूरी तरह इस प्रस्तुति में डूब गए.

## नए कैंपेन में नजर आएंगी रवीना टंडन

**गार्नियर** ने पहली बार अभिनेत्री रवीना टंडन को ब्रांड की बालों का पोषण करने वाली हेयर कलर रेंज, गार्नियर कलर नेचुरल्स, का ब्रांड एंबेसडर बनाया है.

इस साझेदारी के साथ एक नया कैंपेन शुरू हो रहा है, जिसमें रवीना टंडन नज़र आएंगी. यह कैंपेन, ब्रांड की प्राकृतिक दिखने वाले और चमकदार हेयर कलर्स में भरोसेमंद विशेषज्ञता को रवीना की टाइमलेस अपील के साथ जोड़ता है, जो हर उम्र के लोगों की पसंद है.



ब्रांड एंबेसडर रवीना टंडन ने कहा, 'मैं गार्नियर कलर नेचुरल्स के साथ जुड़कर बहुत खुश हूँ, क्योंकि यह ब्रांड उस भरोसे और आत्मविश्वास की अहमियत को समझता है, जिसकी हर महिला अपने रोज़मर्रा के रूटीन में तलाश करती है. मुझे यह बहुत पसंद है कि गार्नियर कलर नेचुरल्स घर पर ही बालों को रंगना कितना आसान बना देता है, और इसका नतीजा भी बेहद नैचुरल और शानदार होता है. यह तेज़ और सुविधाजनक उपाय मेरी ज़िंदगी में आसानी से घुल-मिल जाता है.'

### करुणा के साथ स्क्रीन शेयर करना बेहद खास अनुभव : मुस्कान बामने

**अभिनेत्री** मुस्कान बामने का कहना कि करुणा पांडे के साथ एक बार फिर स्क्रीन शेयर करना उनके लिये बेहद खास अनुभव रहा है. सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल की कहानी के केंद्र में है पुष्पा (करुणा पांडे), जिसकी ताक़त, अपनापन और हिम्मत हर मुश्किल में परिवार को एकजुट रखती है. शो में एक और भावनात्मक परत जोड़ रही हैं मुस्कान बामने, शनाया मेहता का किरदार निभा रही हैं, जो पुष्पा के मूल्यों और विश्वासों को चुनौती देती है. करुणा पांडे के साथ एक बार फिर स्क्रीन शेयर करना मुस्कान के लिए बेहद खास अनुभव रहा है.मुस्कान के लिए करुणा के साथ दोबारा काम करना एक 'फुल-सर्कल मोमेंट' जैसा है.

## हरियाणवी जाट के किरदार में नजर आयेंगे रणदीप हुड्डा

**बॉलीवुड** अभिनेता रणदीप हुड्डा अपनी आने वाली फिल्म में हरियाणवी जाट के किरदार में नजर आयेंगे.



रणदीप हुड्डा ने हाल ही में श्रद्धा कपूर के साथ अपनी आने वाली फिल्म ईथा की शूटिंग खत्म करने के बाद अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू कर दिया है. यह नई फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक कंटेंट-ड्रिवन कहानी है, जिसमें रणदीप अपने हमेशा वाले हटके और दमदार अंदाज़ में नजर आने वाले हैं.इस फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है और अब वह अगले शेड्यूल की तैयारी में जुट गए हैं. इस बार रणदीप एक हरियाणवी जाट के किरदार में दिखेंगे, जो एक ऐसी कहानी का हिस्सा है जो रोजमर्रा की जिंदगी पर असर डालने वाले भ्रामक विज्ञापनों की सच्चाई उजागर करती है.

फिल्म की कहानी पूरी तरह सच्ची घटनाओं से प्रेरित है. अंजीत भटनागर निर्देशित इस फिल्म में पांच नेशनल अवॉर्ड विनिंग टीम मेंबर्स शामिल हैं, जो इसकी कहानी और विजन को और भी मजबूत बनाते हैं.